2095/26-07-2021

**दिनांक–16.07.2021 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में बन्दोबस्त पदाधिकारियों के साथ Zoom के माध्यम से की गई समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

उपस्थितिः– Zoom App के अनुसार संधारित।

दिनांक–16.07.2021 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप की अध्यक्षता में सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों के साथ Zoom के माध्यम से विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की समीक्षात्मक बैठक की गई।

समीक्षात्मक बैठक में त्रिसीमाना सत्यापन, ग्राम सीमा सत्यापन, किस्तवार और खानापुरी एवं असम्बद्ध कर्मियों की अद्यतन प्रगति MIS एवं प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार निम्नवत् पाई गईः–

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | जुलाई द्वितीय सप्ताह के MIS प्रतिवेदन के अनुसार | | किस्तवार पूर्ण ग्रामों की संख्या | खानापुरी पूर्ण ग्रामों की संख्या | जिला से सम्बद्ध कर्मियों की संख्या | | | ग्रामों से असम्बद्ध अमीनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सत्यापित त्रिसीमानों की संख्या | सत्यापित ग्राम सीमा सत्यापन | | | स0ब0प0 | कानूनगो | अमीन | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01. | अररिया | 109 | 0 | 0 | 0 | 2 | – | 10 | 1 |
| 02. | अरवल | 20 | 12 | 10 | 0 | 2 | – | 5 | 2 |
| 03. | बांका | 320 | 20 | 0 | 0 | – | – | 9 | |
| 04. | बेगूसराय | 798 | 130 | 94 | 31 | 1 | 2 | 3 | 3 |
| 05. | जमुई | 262 | 31 | 1 | 0 | – | – | 9 | |
| 06. | जहानाबाद | 19 | 0 | 0 | 0 | 1 | – | – | |
| 07. | कटिहार | 104 | 2 | 0 | 0 | – | 1 | 8 | |
| 08. | खगड़िया | 54 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 6 | 2 |
| 09. | किशनगंज | 30 | 1 | 0 | 0 | – | – | – | |
| 10. | लखीसराय | 248 | 38 | 0 | 0 | 1 | 1 | 6 | 14 |
| 11. | मधेपुरा | 270 | 81 | 3 | 0 | – | 3 | 6 | 1 |
| 12. | मुंगेर | 795 | 323 | 49 | 1 | 2 | 2 | 15 | 1 |
| 13. | नालंदा | 1389 | 282 | 21 | 0 | 2 | – | 9 | |
| 14. | पूर्णियाँ | 33 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 5 | |
| 15. | सहरसा | 347 | 18 | 0 | 0 | 1 | – | 2 | 1 |
| 16. | शेखपुरा | 823 | 158 | 70 | 12 | 2 | 2 | 16 | 1 |
| 17. | शिवहर | 23 | 0 | 0 | 0 | 1 | – | – | |
| 18. | सीतामढ़ी | 39 | 0 | 0 | 0 | – | 2 | 1 | |
| 19. | सुपौल | 521 | 67 | 39 | 27 | 2 | 2 | 7 | |
| 20. | पश्चिमी चम्पारण | 742 | 290 | 4 | 0 | 1 | 4 | 12 | 3 |
| कुल | | **6946** | **1454** | **291** | **71** | **20** | **21** | **129** | **29** |

बैठक में निम्न निर्धारित बिन्दुओं के सम्बन्ध में समीक्षा की गई एवं तदुपरांत जिलावार समस्याओं और उनके समाधान के सम्बन्ध में आवश्यक निर्णय लिए गएः–

(i) चार जिलों के प्राथमिकता वाले 64 राजस्व ग्रामों में कार्य प्रगति।

(ii) नए सर्वेक्षण शिविरों का R2R में गठन एवं कर्मियों की सम्बद्धता।

(iii) नए शिविरों का MIS प्रतिवेदन।

(iv) अनुपलब्ध खतियान एवं मानचित्र के सम्बन्ध में कार्य योजना के अनुसार अद्यतन स्थिति।

(v) जिला स्तर पर असम्बद्ध विशेष सर्वेक्षण कर्मी।

(vi) अन्यान्य।

(i) **चार जिलों के प्राथमिकता वाले 64 राजस्व ग्रामों में कार्य प्रगति** :– चार जिलों यथा बेगूसराय, शेखपुरा, मुंगेर एवं सुपौल के 64 राजस्व ग्रामों में प्राथमिकता के आधार पर विशेष सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण करने के लिए चयन के किये गये राजस्व ग्रामों की कार्य प्रगति के सम्बन्ध में बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय द्वारा प्रतिवेदित किया गया 14 राजस्व ग्रामों का प्रपत्र–6 तैयार होने के पश्चात् LPM निर्गत करने में तकनीकी समस्या आ रही है। यदि किसी रैयत के कुल 10 खेसरों में से किसी एक में परिवर्त्तन किया जाता है तो उसके खेसरा प्रभावित हो जाते हैं। शेष 12 ग्रामों में प्रपत्र–6 की इंट्री का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण हो जाएगा।

बन्दोबस्त पदाधिकारी, मुंगेर द्वारा बताया गया कि प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूर्ण करने के लिए निर्धारित कार्य योजना के अनुसार कार्य किया जा रहा है। सुपौल, बन्दोबस्त कार्यालय से जूम बैठक में किसी के उपस्थित नहीं होने के कारण प्राथमिकता वाले ग्रामों की प्रगति की समीक्षा नहीं की जा सकी। बन्दोबस्त पदाधिकारी, शेखपुरा द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि 12 राजस्व ग्रामों का प्रपत्र–6 तैयार कर भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में अपलोड कर दिया गया है।

निदेशित किया गया कि आई0टी0 सेल द्वारा LPM की समस्या को बेगूसराय के साथ सम्पर्क स्थापित कर यथाशीघ्र दूर किया जाए। साथ ही प्राथमिकता के आधार पर नालंदा के ग्रामों का विशेष सर्वेक्षण कार्य पूर्ण किया जाए। विशेष सर्वेक्षण कोषांग को निदेशित किया गया कि नालंदा के सभी प्राथमिकता वाले राजस्व ग्रामों की प्रक्रमवार कार्य पूर्ण करने की समय सीमा का निर्धारण कर बन्दोबस्त कार्यालय, नालंदा को उपलब्ध कराई जाए। यह भी निदेशित किया गया कि प्राथमिकता के आधार पर चयनित ग्रामों में निर्धारित की गई समय–सीमा के अन्दर कार्य पूर्ण किया जाए। जिन जिलों में प्राथमिकता के आधार पर ग्रामों का चयन नहीं किया गया है, वहाँ कम खेसरों वालों ग्रामों में प्रक्रमवार ग्रामवार कार्य पूर्ण करने की कार्य–योजना तैयार कर निदेशालय को उपलब्ध कराई जाए।

(ii) **नए सर्वेक्षण शिविरों का R2R में गठन एवं कर्मियों की सम्बद्धता** :– सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि पूर्व में लिए गए निर्णय के आलोक में नए सर्वेक्षण शिविरों का R2R सॉफ्टवेयर के माध्यम से गठन कर दिया गया है। MIS से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार अब तक कुल 128 नए अंचलों में 381 शिविरों का गठन कर 9733 राजस्व ग्रामों को सम्बद्ध किया गया है। बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि नए शिविरों में कर्मियों को सम्बद्ध करने की कार्रवाई की जा रही है।

निदेश दिया गया कि नए शिविरों में कर्मियों को सम्बद्ध करने की कार्रवाई दिनांक–25.07.2021 के पूर्व निश्चित रूप पूरी कर ली जाए।

(iii) **नए शिविरों का MIS प्रतिवेदन** :– बैठक में प्रतिवेदित किया गया कि नवगठित शिविरों के कार्य प्रगति का MIS प्रतिवेदन अभी तक किसी जिले से प्राप्त नहीं हुआ है। समीक्षा के क्रम में स्पष्ट हुआ कि अनेक जिलों द्वारा प्रपत्र–I तैयार करने की कार्रवाई की गई है, किन्तु ग्रामों को R2R सॉफ्टवेयर में अमीनों के साथ सम्बद्ध नहीं किए जाने के कारण भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में अपलोड करना संभव नहीं हो रहा है।

निदेशित किया गया कि सभी जिलों में शिविर प्रभारी, कानूनगो एवं अमीन को R2R सॉफ्टवेयर में स्पष्ट रूप से यथाशीघ्र सम्बद्ध किया जाए ताकि कार्य प्रगति को अपलोड करने के साथ–साथ MIS प्रतिवेदन प्राप्त हो सके।

(iv) <u>अनुपलब्ध खतियान एवं मानचित्र के सम्बन्ध में कार्य योजना के अनुसार अद्यतन स्थिति</u> :– बैठक में निदेशालय के पत्रांक–1692 दिनांक–16.06.2021 के आलोक में बनाई गई कार्य योजना के अनुरूप उक्त कार्य के किए जाने की समीक्षा से स्पष्ट हुआ कि किसी भी जिले में इस सम्बन्ध में अंचल से अनुपलब्धता प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किया गया है और इस सम्बन्ध में स्टेशन डायरी इन्ट्री या प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई नहीं की गई है, कुछ जिलों द्वारा बताया गया कि ग्राम स्तर पर प्रयास करके कुछ अनुपलब्ध ग्रामों का खतियान एवं मानचित्र उपलब्ध हुआ है।

निदेशित किया गया कि इस सम्बन्ध में बनाई कार्य योजना के अनुरूप कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए तथा निदेशालय को स्पष्ट रूप यह प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए कि अंतिम रूप से जिले में कितने ग्रामों के चादरवार मानचित्र और ग्रामों के खतियान अनुपलब्ध हैं। साथ ही अनुपलब्धता की स्थिति में निदेशालय के ज्ञापांक–1653 दिनांक–11.06.2021 के आलोक में कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए।

(v) <u>जिला स्तर पर असम्बद्ध विशेष सर्वेक्षण कर्मी</u> :– R2R सॉफ्टवेयर से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर बैठक में आई0टी0 सेल द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि अनेक जिलों में विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को शिविर/ग्राम आवंटित नहीं किया गया है और उनका नाम जिला अथवा शिविर के साथ ही प्रदर्शित हो रहा है। सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों को भी इस प्रतिवेदन से अवगत कराया गया। अनेक जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि प्रतिवेदन से वैसे कर्मियों के नाम भी शामिल हैं, जिनके द्वारा त्याग पत्र दे दिया गया है अथवा जो लम्बी अवधि में अवकाश पर हैं या अनुपस्थित हैं।

निदेशित किया गया कि आई0टी सेल जिला बन्दोबस्त कार्यालय एवं निदेशालय स्थापना के साथ समन्वय स्थापित कर असम्बद्ध कर्मियों की स्थिति का स्पष्ट प्रतिवेदन प्राप्त कर सूची को अद्यतन करें। साथ ही सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी इस बात को सुनिश्चित करें कि जिला स्तर पर कोई भी ऐसा कर्मी नहीं रहे जिसे कोई शिविर अथवा ग्राम आवंटित नहीं किया गया है।

(vi) <u>हवाई सर्वेक्षण एजेंसी से सम्बन्धित मामले</u>:– बैठक में हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, GISC के सम्बन्ध में बताया गया कि जमुई एवं बांका में एजेंसी के कर्मियों द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है, जबकि मधेपुरा एवं सहरसा में एजेंसी के कर्मी वेतन भुगतान नहीं होने के कारण नियमित रूप से कार्य नहीं कर रहे हैं। यह भी बताया गया कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, GISC द्वारा अपडेटेड मानचित्रों की आपूर्ति समय पर नहीं की जा रही है, जिस कारण कार्य बाधित हो रहा है। मधेपुरा के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बार–बार अनुरोध करने के बावजूद भी एजेंसी द्वारा आबादी वाले क्षेत्रों का अलामत वाले अपडेटेड मानचित्रों की आपूर्ति नहीं की जा रही है। बैठक में एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि एजेंसी में वित्तीय समस्या होने के कारण कार्य में समस्या आ रही है। साथ ही एजेंसी का प्लॉटर खराब होने के कारण अपडेटेड मानचित्रों की आपूर्ति ससमय नहीं हो पा रही है। IIC, हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के बारे में बताया गया कि सीतामढ़ी एवं शिवहर में त्रिसीमाना तथा ग्राम सीमा सत्यापन में कठिनाई आ रही है। खगड़िया में IIC, हवाई सर्वेक्षण एजेंसी से जुड़े अन्य सभी जिलों द्वारा बताया गया कि एजेंसी द्वारा केवल 01–01 E.T.S उपलब्ध कराए जाने के कारण कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है।

निदेश दिया गया कि जिन जिलों में त्रिसीमाना एवं ग्राम सीमा सत्यापन में कठिनाई आ रही है, वहाँ के नोडल पदाधिकारी एजेंसी तथा जिला के साथ समन्वय स्थापित कर समस्या का समाधान करेंगे। हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, GISC द्वारा बांका और जमुई में काम नही करने तथा सहरसा, मधेपुरा में एजेंसी के कर्मियों के नियमित नहीं रहने तथा विभिन्न प्रक्रमों में अपडेटेड मानचित्रों की आपूर्ति

ससमय नहीं करने इत्यादि के सम्बन्ध में GISC के उच्च स्तरीय प्रबंधन को पत्र दिया जाए। साथ ही उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना को हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, GISC को सशुल्क प्लॉटर की सुविधा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जाए।

**(vii)** **अन्यान्य** :– बैठक में बन्दोबस्त पदाधिकारी, शेखपुरा को बताया गया कि प्रपत्र–6 में की गई प्रविष्टियों में कुछ ग्रामों के अधिकांश खेसरों में ''झाड़ वन'' लिख दिया गया है, जिस कारण भविष्य में अनेक तरह की समस्या उत्पन्न हो सकती है। अतः इस प्रकार की प्रविष्टियों की जाँच कर ली जाए एवं सही प्रविष्टि करने के लिए निदेश दिए जाएँ। बैठक में उपस्थित सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा वाहन एवं आवश्यक मद में आवंटन उपलब्ध कराये जाने की मांग की गई। पूर्णियाँ के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा उनके यहाँ चोरी से हुई क्षति के कारण अतिरिक्त आवंटन की मांग की गई। अररिया के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि एजेंसी द्वारा जो मानचित्र कुछ व़र्ष पूर्व जिला में उपलब्ध कराये गये थे, वे जिला में उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। साथ ही यह भी बताया गया कि जिला स्तर से सभी कर्मियों की बाढ़ एवं राहत कार्य में प्रतिनियुक्त किए जाने के कारण विशेष सर्वेक्षण का कार्य प्रभावित होता है। बन्दोबस्त पदाधिकारी, बांका द्वारा बताया गया कि बांका के कटोरिया अधिसूचित क्षेत्र अन्तर्गत आने की प्रक्रिया में है, अभी अधिसूचना निर्गत नहीं हुई है।

निदेशित किया गया कि आई0टी0 सेल द्वारा प्रपत्र–6 की प्रविष्टियों के Cross Check करने के लिए जिलों को Access उपलब्ध करा दिया जाए। सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप आवंटन उपलब्ध कराया जाए। अररिया के समाहर्त्ता को विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को बाढ़ एवं आपदा कार्यों में नहीं लगाने का अनुरोध किया जाए। सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों को बताया गया कि जब तक कोई राजस्व ग्राम पूर्णरूपेण अधिसूचित क्षेत्र के लिए अधिसूचित नहीं हो जाता है। तब तक वहाँ विशेष सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा। अधिसूचित हो जाने के पश्चात् अधिसूचित क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले खेसरों को अधिसूचित क्षेत्र लिखकर छोड़ दिया जाएगा।

उपरोक्त सभी निदेशों के ससमय अनुपालन के अनुरोध के साथ अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

(जय सिंह) 26/7/21
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक**:17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019........2095........**पटना, दिनांक** :–26-07-2021

**प्रतिलिपिः**– बन्दोबस्त पदाधिकारी, बांका, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल, शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण, जमुई, शेखपुरा, मुंगेर एवं नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019.........2095.........**पटना, दिनांक** :–26-07-2021

**प्रतिलिपिः**–सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बांका, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल, शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण, जमुई, शेखपुरा, मुंगेर एवं नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019.........2095.........**पटना, दिनांक** :–26-07-2021

**प्रतिलिपिः**– सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना / उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019.........2095.........**पटना, दिनांक**:–26-07-2021

**प्रतिलिपिः**– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019.........2095.........**पटना, दिनांक** :–26-07-2021

**प्रतिलिपिः**– प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा / जी0आई0एस0 सलाहकार, भू–अभिलेख एवं परिमाप / प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप
26/7/21

D:\Sanjeev-2021\Birendra kumar, ASO\Zoom Meeting\Zoom Meeting 16.07.2021.docx

**ज्ञापांकः**17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019........2095........**पटना, दिनांक** :–26-07-2021

**प्रतिलिपिः**–सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बांका, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल, शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण, जमुई, शेखपुरा, मुंगेर एवं नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019........2095........**पटना, दिनांक** :–26-07-2021

**प्रतिलिपिः**– सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना / उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019........2095........**पटना, दिनांकः**–26-07-2021

**प्रतिलिपिः**– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019........2095........**पटना, दिनांक** :–26-07-2021

**प्रतिलिपिः**– प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा / जी0आई0एस0 सलाहकार, भू–अभिलेख एवं परिमाप / प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप
26/7/21